मध्य रेल
सोलापुर मंडल

संदेश

# राजभाषा ई-सूचना पत्र

अंक-16



**संरक्षक**

श्री नीरज कुमार दोहरे
मंडल रेल प्रबंधक

**मार्गदर्शक**

श्री शैलेंद्र सिंह परिहार
अपर मंडल रेल प्रबंधक
एवं अपर मुख्य राजभाषा

**संपादक**

एस.एल.खोत
सहायक कार्मिक अधिकारी एवं
संपर्क राजभाषा अधिकारी

**सहयोग**

एस.मुश्ताक
(वरि. अनुवादक)
वी.बी. काडगे
(वरि. अनुवादक)
आर.टी. वलिवकर
(कनि. अनुवादक)
शिव साहब यादव
(कनि. अनुवादक)

# कार्मिक विभाग

❖ 26 जनवरी 2024 को पूरे मंडल पर 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह सेंट्रल रेलवे इंस्टीट्यूट, सोलापुर के मैदान में भव्य तरीके से आयोजित किया गया, जिसमें माननीय मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आरपीएफ, नागरिक सुरक्षा और स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियों की सलामी ली। मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने महाप्रबंधक/मध्य रेल के संदेश का वाचन किया। मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने विभिन्न विभागों को 'तत्काल नकद पुरस्कार' की घोषणा की और कुल 38 कर्मचारियों को उनकी सराहनीय सेवा के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए।





❖ दिनांक 30.01.2024 को मंडल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सभी कार्यालयों और उनके कार्यस्थलों पर 11.00 से 11.02 बजे तक दो मिनट का मौन रखकर शहीद दिवस मनाया गया।



❖ दिनांक 26/02/2024 को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सोलापुर मंडल के 04 स्टेशनों और 09 आरयूबी का शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना के मद्देनजर सभी 13 स्टेशनों पर अलग-अलग स्कूलों में ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। ड्राइंग एवं निबंध प्रतियोगिता में कुल 17 विद्यालयों ने भाग लिया। प्रत्येक श्रेणी और प्रत्येक गतिविधि में सर्वश्रेष्ठ 4 छात्रों को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 192 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया।

**हिंदी राष्ट्रीयता के मूल को सींचती है और उसे दृढ करती है।**

**- पुरूषोत्तम दास टंडन**

❖ सोलापुर मंडल पर 09 मार्च 2024 को सिद्धेश्वर रेलवे ऑफिसर्स क्लब सोलापुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महिला दिवस पर "महिला सशक्तिकरण और व्यक्तित्व विकास" विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया था, जिसमे सोलापुर की वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती रईसा मदनी और श्रीमती नंदिनी किनिकर ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. श्रीमती रोहिणी दुलंगे द्वारा "महिला स्वास्थ्य" विषय पर एक सत्र भी आयोजित किया। दिनांक-06.03.2024 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से डॉ. बाबासाहेब रेलवे इंस्टीट्यूट तक महिला मैराथन का आयोजन किया गया, जिसके बाद महिला कर्मचारियों के लिए दौड़, शॉर्ट पुट, लेमन और स्पून जैसी खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान पदक ट्राफियों के साथ पुरस्कार वितरित किये गयें। सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ सोलापुर के माध्यम से सचिव और अन्य अधिकारियों के द्वारा महिला कर्मचारियों को उपहार वितरित किए गएं।




❖ दिनांक **12/03/2024** को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत **एक स्टेशन और एक उत्पाद** के लिए सोलापुर मंडल के **08** स्टेशनों पर विश्वकर्मा लोगों के एक समूह को आमंत्रित किया गया था। दिनांक **12.03.2024** को ओएसओपी कार्यक्रम के लिए स्कूली बच्चों को साईंनगर शिरडी स्टेशन पर आमंत्रित किया गया था। दिनांक **12.03.2024** को कलबुरगि से एसबीसी तक एक नई वंदे भारत गाड़ी का शुभारंभ किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने कलबुरगि से रायचूर तक सफर किया।





**भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिंदी महानदी।**

**- रवीन्द्रनाथ ठाकुर**

# वाणिज्य विभाग

**वित्त वर्ष 2023-24 (जनवरी 2024 से मार्च 2024 की अवधि) वित्त विभाग की उपलब्धियाः-**

- दिनांक **01.01.2024** से 31.03.2024 की अवधि के दौरान माल भाड़ा राजस्व □ **183.49** करोड़ रहा है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के माल-भाड़ा राजस्व □ **173.21** करोड़ की तुलना में **5.94%** से अधिक है।
- टीम बीडीयू सोलापुर के निरंतर प्रयासों से सोलापुर मंडल में वाडी गुड्स शेड से पहली बार नई कमोडिटी लाइम स्टोन लोडिंग मार्च **2024** में शुरू हो गई, लाइम स्टोन के कुल **2** रेक लोड किए गए, जिससे **1.74** करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ।
- ऑटोमोबाइल के कुल **25** रेक लोड किए गए और □ **08.58** करोड़ का राजस्व उत्पन्न हुआ है ।
- डीओसी (डी-ऑयल्ड केक) का यातायात **6** माह के अंतराल के बाद पुनः प्राप्त किया गया। दिनांक 0**1.01.2024** से 31.03.2024 की अवधि के दौरान कुल **05** रेक लोड किए गए और □ **1.85** करोड़ का राजस्व सृजित किया गया।
- दिनांक 01.01.2024 **से** 31.03.2024 की अवधि के दौरान यात्री राजस्व □ **140.96** करोड़ रहा है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के राजस्व □ **135.12** करोड़ की तुलना में **4.32%** से अधिक है।
- दिनांक 01.01.2024 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान टिकट चेकिंग राजस्व □ **7.94** करोड़ रहा है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के राजस्व □ **7.23** करोड़ से **9.71%** से अधिक है। (□ **6.25** करोड़ के लक्ष्य से भी **26.93%** अधिक)
- दिनांक 01.01.2024 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान पार्सल अर्जन राजस्व पिछले वर्ष की इसी अवधि के राजस्व □ **0.89** करोड़ की तुलना में **162.99%** से अधिक है। (□ **1.19** करोड़ के लक्ष्य से भी **96.91%** अधिक)
- सोलापुर मंडल ने कलबुरगि रेलवे स्टेशन पर मैसर्स आजाद एडवरटाइजिंग-बेंगलुरू को दिनांक 05.02.2024 से 14.02.2027 तक के लिए रू. **7,30,550/-** रुपये के वार्षिक लाइसेंस शुल्क के साथ, तीन साल की अवधि के लिए ई-नीलामी के माध्यम से आरडीएन- नॉन-डिजिटल अनुबंध प्रदान किया। जिससे तीन वर्षों मे कुल **21,91,650/-** रुपये की आय प्राप्त होगी।
- सोलापुर मंडल ने कलबुरगि स्टेशन पर मेसर्स ट्विन्स मीडिया-यूडुपीआई को ई-नीलामी के माध्यम से पांच साल की अवधि के लिए अर्थात दिनांक **21-01-2024** से **20-01-2029** तक के लिए रू. **1,01,000/-** रुपये के वार्षिक लाइसेंस शुल्क के साथ एक आरडीएन डिजिटल अनुबंध प्रदान किया। जिससे पांच वर्षों मे कुल **5,36,310/-** रुपये की आय प्राप्त होगी।
- सोलापुर मंडल में पहली बार मेसर्स रोबोटिक टेक्नोलॉजीज-बेंगलुरु को सोलापुर स्टेशन पर ई-नीलामी के माध्यम से तीन साल की अवधि के लिए अर्थात दिनांक **25-01-2024** से **24-01-2027** तक के लिए रू. **2,57,000/-** रुपये के वार्षिक लाइसेंस शुल्क के साथ एक मसाज चेयर अनुबंध प्रदान किया गया। जिससे तीन वर्षों मे कुल रू. **7,71,000/-** रुपये की आय प्राप्त होगी।

- माह जनवरी **2024** में पंढरपुर स्टेशन पर **2/4** पहिया वाहनों के लिए पार्किंग अनुबंध तीन वर्ष की अवधि के लिए दिया गया, जिसमें वार्षिक लाइसेंस शुल्क **48,000/-** रुपये है, जो रू.**30,000/-** रुपये के आरक्षित मूल्य (आरपी) से **60%** की वृद्धि को दर्शाता है।

- माह जनवरी **2024** में दौंड स्टेशन पर **2/4** पहिया वाहनों के लिए पार्किंग अनुबंध तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रदान किया गया है, जिसका वार्षिक लाइसेंस शुल्क **6,53,313/-** रुपये है, जो **6,00,000/-** रुपये के आरक्षित मूल्य (आरपी) से **9%** की वृद्धि को दर्शाता है।

- माह फरवरी-**2024** में दिनांक **15.02.2024** को ई-नीलामी के माध्यम से वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) (सोलापुर रेलवे स्टेशन के 8 स्थानों पर) के लिए अनुबंध मेसर्स सुरेश सेल्स एंड सर्विस (सुरेश महापति डोडतले) पुलिस कल्याण केंद्र के सामने, मुराजी पेठ सोलापुर को पांच वर्ष की अवधि के लिए **38,66,346.70** रुपये के अनुबंध मूल्य के साथ दिया गया। अनुबंध **22.04.2024** से शुरू होगा और इसका वार्षिक लाइसेंस शुल्क **6,55,313/-** रुपये है।

- दिनांक 15.02.2024 को वाणिज्य विभाग सोलापुर द्वारा आईआरईपीएस के माध्यम से साईंनगर शिरडी 'ए' श्रेणी रेलवे स्टेशन के स्टेशन भवन के बीच (सामान्य शौचालय) और पुनतांबा सिरे पर एफओबी के बीच प्लेटफार्म नंबर 01 पर फास्ट फूड यूनिट के लिए अनुबंध मैसर्स मद्रास बेकरी क्र.सं.3/515, शिवाजी नगर, वरंगा रोड, भुसावल को पांच वर्ष की अवधि के लिए 49,46,760/- रुपये के अनुबंध मूल्य के साथ दिया गया। यह अनुबंध 22.04.2024 से शुरू होगा। जिसका वार्षिक लाइसेंस शुल्क रुपये 9,51,300.00 है।

- दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन पर चाय स्टॉल का ठेका मेसर्स सीमा फूड्स-इटारसी को दिनांक 22.03.2024 से 21.03.2029 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए 10,52,000/- रुपये के वार्षिक लाइसेंस शुल्क के साथ दिया गया। जिसका 5 वर्षों की अवधि के लिए कुल अनुबंध मूल्य 62,06,800/- रुपये है।

- अहमदनगर स्टेशन पर चाय स्टाल का ठेका बीएच कैटरिंग सर्विस-पटना को दिनांक 22.03.2024 से 21.03.2029 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए 3,00786/- रुपये के वार्षिक लाइसेंस शुल्क के साथ दिया गया। जिसका 5 वर्षों के लिए कुल अनुबंध मूल्य रु. 17,74,638/- है।

- जेऊर स्टेशन पर चाय स्टाल का ठेका मेसर्स शारदा कैटरिंग एंड सर्विसेज- पुणे को दिनांक 22.03.2024 से 21.03.2029 तक कुल पांच वर्ष की अवधि के लिए दिया गया, इसका वार्षिक लाइसेंस शुल्क 2,70,108/- रुपये है। जिसका 5 वर्षों के लिए कुल अनुबंध मूल्य 15,93,638/- रुपये है।

- माह मार्च 2024 में लातुर और वाडी (एनएसजी -4) पर नए 'स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट' नियुक्त किए गए।

- माह मार्च 2024 मे लंबे समय से लंबित बकाया राशि 11,66,249/- रुपये, जो अदालती कार्यवाही के अंतर्गत लंबित थी, जिसे डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) जारी करके क्लियर कर दिया गया।

- दौंड (डीडी) में (मध्य रेल मे पहली बार) रेल भूमि पर गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास के लिए मैसर्स गरुड़ एंटरप्राइजेज, पुणे को **24** जनवरी **2024** को स्वीकृति पत्र (एलओए) जारी किया गया है।

**हिंदी जैसी सरल भाषा दूसरी नहीं है।**

**-मौलाना हसरत मोहानी**

# यांत्रिक विभाग

- एसपीएआरएमवी स्टाफ ने दुर्घटना की स्थिति में कोच के अंदर फंसे यात्रियों को बचाने के लिए 20 फीट लंबी रस्सी की सीढ़ी विकसित की है। यह तब मददगार होती है जब कोच झुके हुए और गिरे हुए होते हैं। इस रस्सी की सीढ़ी की मदद से कोच के अंदर से यात्रियों को बचाया जा सकता हैं।





- एसपीएआरएमवी स्टाफ/सोलापुर ने एसपीएआरएमवी में एयर सिलेंडर स्टोरेज ट्रॉली (एयर बैग के लिए) विकसित की है जिसे आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है। इसे मौजूदा ट्राली से बदल के ज्यादा जगह की बचत की गयी है। इसके अलावा इस तरह की व्यवस्था से सिलेंडर सुरक्षित रहते हैं और मूवमेंट के दौरान गिरते नहीं हैं।



*पुरानी व्यवस्था*



*नई व्यवस्था*

- एआरटी स्टाफ/वाडी ने पटरी से डिरेलमेंट वाली जगह पर एलपीजी और ऑक्सीजन सिलेंडरों को एआरटी से घटनास्थल तक आसानी से और सुरक्षित रूप से ले जाने के लिए एक पोर्टेबल ट्रॉली विकसित की है।







# परिचालन विभाग

- ❖ दि. 28.02.2024 को न्यू आष्टी से अमलनेर तक नई लाइन (कुल 33 किमी) को यातायात के लिए खोल दिया गया।
- ❖ दि.29.02.2024 को विलद-वांबोरी-निंबलक खंड के बीच कुल 21.01 किलोमीटर की दोहरी लाइन चालू की गई।
- ❖ माह फरवरी 2024 में सोलापुर मंडल ने सीएमएस में 100% क्रू बुकिंग हासिल की गई।
- ❖ माह मार्च, 24 में वाडी से पीसीपीएन तक लाइम स्टोन के 2 रेक लोड किए गए जिससे 174.29 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ।
- ❖ माह मार्च-2024 में 281.5 रेक लोड किए गए, जो अब तक की सर्वाधिक लोडिंग है और मार्च-2024 में 91 आरएमसी रेक लोड किए गएं, जो अब तक की सबसे अच्छी लोडिंग है।
- ❖ माह मार्च-2024 में 0.84 मीट्रिक टन लोडिंग दर्ज की गई, जो पिछले 14 वर्षों के दौरान माह मार्च में अब तक की सबसे अच्छी लोडिंग है और मासिक लक्ष्य भी 27.27% हासिल किया गया।
- ❖ जनवरी-मार्च 2024 में मंडल ने प्रारंभिक लोडिंग 1.97 मीट्रिक टन हासिल किया है ।
- ❖ जनवरी-मार्च, 24 के दौरान मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों का समयपालन 84.72% है, जो मध्य रेल और भारतीय रेल मे क्रमशः प्रथम रैंक और 35वीं रैंक है।

## ❖ नई गाड़ी की शुरुआत –

| क्र.सं. | गाड़ी नं. | से प्रभावी |
|---|---|---|
| 1. | 11405/11406 पुणे-अमरावती-पुणे | 09/10.03.2024 |
| 2. | 22231/22232 कलबुरगि-एसएमवीटी बेंगलुरु-कलबुरगि | 15/16.03.2024 |

## ❖ गाड़ियों का विस्तार

| क्र.सं. | गाड़ी नं. | से प्रभावी |
|---|---|---|
| 1 | 01401/01402 एएनजी-एनएएचटी, एएमएनई तक | 29.02.2024 |
| 2 | 11411/11412 पीआरएलआई-एमआरजे, एसआलआई तक | 13.03.2024 |
| 3 | 11027/11028 डीआर-पीवीआर, एसटीआर तक | 15/16.03.2024 |
| 4 | 17207/17208 एसएनएसआई-बीजेडए, एमटीएम तक | 13/19.03.2024 |

## ❖ हाल्ट

| क्र.सं. | हॉल्ट स्टेशन : गाड़ी नं. | से प्रभावी |
|---|---|---|
| 1. | शहाबाद: 11019/11020 सीएसएमटी-बीबीएस-सीएसएमटी | 03.03.2024 |
| 2. | शहाबाद:17029/17030 बीजेपी-एचवाईपी-बीजेपी | 03.03.2024 |
| 3. | शहाबाद:22157/22158 सीएसएमटी-एमएएस-सीएसएमटी | 02/03.03.2024 |
| 4. | सांगोला: 22155/22156 कलबुरगि-कोल्हापुर-कलबुरगि | 11.03.2024 |
| 5. | मुरुड: 11411/11412 पीआरएलआई-एमआरजे-पीआरएलआई | 11/12.03.2024 |
| 6. | मुरुड: 01413/01414 एनजेडबी-पीवीआर-एनजेडबी | 11/12.03.2024 |
| 7. | पारेवाडी: 01487/01488 पुणे-एचजीएल-पुणे | 14.03.2024 |

## ❖ पारंपरिक स्टॉक का एलएचबी स्टॉक में रूपांतरण

| क्र.सं. | गाड़ी नं. | पिछला लोड | रूपांतरण से प्रभावी |
|---|---|---|---|
| 1. | 17323/17324यूबीएल-बीएसबीएस-यूबीएल | 1 रेक | 09/11.02.2024 |

# संरक्षा विभाग

- मानननीय महाप्रबंधक, मध्य रेल और प्रमुख विभागाध्यक्षों ने 08 जनवरी, 2024 को सोलापुर मंडल के लातुर-कुर्डुवाड़ी खंड का सुरक्षा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दिए गए मार्गदर्शन और निर्देशों से मंडल को लाभ हुआ।




- दि. 05.01.2024 को न्यू आष्टी-अमलनेर सेक्शन के बीच नई लाइन खोलने के लिए सीआरएस निरीक्षण किया गया।




- दि. **17.10.2024** को कलबुरगि स्टेशन पर डिप्टी सीएसओ/सीएसएमटी द्वारा अग्निशामक का प्रदर्शन किया गया।
- दि. **08.01.2024** को माननीय महाप्रबंधक, मध्य रेल द्वारा ब्रेक डाउन के नवनिर्मित **02** रोड एआरटी वैन का उद्घाटन किया।
- दि. **17.01.2024** को सीआरओ**,** ट्रैक मशीन कैंपिंग कोच के लिए अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री शैलेन्द्र सिंह परिहार की प्रमुख उपस्थिति में न्यू कॉन्फ्रेंस हॉल/सोलापुर में संरक्षा सेमिनार/वेबिनार बैठक का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में कुल **175** कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक **25.01.2024** को मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने संरक्षा मामलों के लिए सभी टीआई के साथ बैठक की।
- माह जनवरी 2024 मे दिनांक **08.01.24** से **14.01.24** तक, माह फरवरी 2024 में दिनांक 12.02.2024 से 18.02.2024 तक और माह मार्च 2024 में दिनांक 11.03.2024 से 17.03.2024 तक और दिनांक 18.03.2024 से 24.03.2024 तक (खराब दृश्यता मे सिगनल की पहचान विषय पर) रेलवे बोर्ड का संरक्षा अभियान सप्ताह मनाया गया।
- दिनांक **15.01.24** से **29.01.24** तक एसपीएडी को रोकने के लिए रेलवे बोर्ड का गहन संरक्षा अभियान का आयोजन किया गया।

- दिनांक **15.10.24** से **29.01.24** तक  शंटिंग मूवमेंट स्टेब्लिंग के दौरान संरक्षा से संबंधित मुख्यालय संरक्षा अभियान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 08.01.2024 को महाप्रबंधक, मध्य रेल महोदय के निरीक्षण के दौरान बारशी टाउन स्टेशन पर सीआरओ के संबंध में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।
- माह जनवरी से मार्च, 2024 में 35 स्थानों पर संरक्षा दल द्वारा संरक्षा सेमिनार/शंटिंग मेलों का आयोजन किया गया।
- माह जनवरी से मार्च,2024 में 36 स्थानों पर संरक्षा दल द्वारा संरक्षा बैठकों का आयोजन किया गया।
- माह जनवरी, फरवरी और मार्च 2024 में संरक्षा शाखा द्वारा 06 संरक्षा परिपत्र का प्रकाशन किया गया।
- माह जनवरी,फरवरी और मार्च 2024 में संरक्षा शाखा द्वारा 03 संरक्षा बुलेटिन का प्रकाशन किया गया।
- माह जनवरी से मार्च, 2024 में क्रमशः 259 अधिकारियों और 319 पर्यवेक्षकों द्वारा फुट प्लेट निरीक्षण किया गया।
- माह जनवरी से मार्च - 2024 तक कुल 469 एंबुश चेक का आयोजन किया गया।
- माह जनवरी से मार्च,2024 में कुल 06 संरक्षा लेखा परीक्षा का आयोजन किया गया।
- सभी संबंधित शाखाओं को आपदा प्रबंधन पुस्तिका की **300** प्रतियां वितरित की गईं।
- वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी और सहायक मंडल यांत्रिक इंजीनियर/दौंड द्वारा दिनांक 14.02.2024 को कुर्डुवाडी और दिनांक 23.02.2024 को पुणतांबा में लोको रनिंग स्टाफ फैमिली सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में पारिवारिक मेलजोल, आने वाली समस्या का समाधान, स्टाफ के साथ समस्या/समाधान पर चर्चा, परिवार की भूमिका, खुशी का सत्र, रनिंग स्टाफ के लिए शांति का महत्व, खुशी सूचकांक जैसे विषय पर चर्चा की गई। (कुल 29 कर्मचारी उपस्थित थे। )
- टीआरडी डिपो, सोलापुर में दिनांक **05.02.24** से **12.02.24** तक सभी स्टेशन प्रबंधक/उप स्टेशन प्रबंधक को सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी और एससी (इलेक्ट्रिक)/सोलापुर द्वारा पावर ब्लॉक, ट्रैफिक ब्लॉक, लोकल पावर ब्लॉक, सेक्शन इंसुलेटर, आइसोलेटर ऑपरेशन, आईओएल, टीएसएस, एसपी, एसएसपी और प्राथमिक अनुभाग के सुरक्षित कामकाज के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कुल **253** स्टेशन प्रबंधक/उप स्टेशन प्रबंधक उपस्थित थें।
- दौंड-मनमाड सेक्शन के समपार फाटक सं. 46 (इंजीनियरिंग) –पढेगांव-बेलापुर और समपार फाटक सं. 56 (इंजीनियरिंग) –चितली-पुनतांबा को बंद कर दिया गया, इस वर्ष कुल 03 समपार फाटक बंद किए जा चुके हैं।
- दिनांक 12.02.2024 को माननीय प्रधानमंत्री रोजगार मेला में कर्मचारियों को व्यक्तिगत संरक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।
- दिनांक 26.02.2024 को राष्ट्र को समर्पण की योजना के तहत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा साईंनगर शिरडी स्टेशन के पास किमी 453/8-9 पर स्थित आरयूबी नॉन एलसी का उद्घाटन किया गया। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक के माध्यम से इस समारोह मे भाग लिया। इस समारोह में लगभग 1000 लोग (छात्रों सहित) नगर निगम अधिकारी,डाक विभाग के अधिकारी, सरपंच, भूतपूर्व सैनिक, स्थानीय उद्योगपति और रेलवे कर्मचारी उपस्थित थे।





➢ दिनांक 28.02.2024 को 'राष्ट्र के प्रति समर्पण योजना' के तहत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक के माध्यम से अहमदनगर-बीड-परली नई ब्राडगेज लाइन के अमलनेर - न्यू आष्टी (32.841 किलोमीटर) के बीच नई गाड़ी (डेमू) का उद्घाटन हरी झंडी दिखाकर किया गया। माननीय सांसद/बीड श्रीमती प्रीतमताई गोपीनाथ मुंडे और अन्य राजनीतिक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 2500 लोग, छात्र तथा रेल कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थें। श्री नीरज कुमार दोहरे, मंडल रेल प्रबंधक सोलापुर द्वारा कार्यक्रम की सफलता के लिए **50,000 /-** रुपए सामूहिक पुरस्कार की घोषणा की गई।





➢ दिनांक **29.02.2024** को एनएनबी-वीएल-वीबीआर के बीच दोहरीकरण कार्य के लिए सीआरएस निरीक्षण किया गया तथा **120** किमी प्रति घंटे की गति से स्पीड ट्रायल सफलतापूर्वक किया गया। दिनांक **01.03.2024** को सीआरएस से प्राधिकार पत्र पत्र संख्या सी-**12(331)/2024/186** प्राप्त हुआ। यात्री यातायात के लिए डीजल कर्षण पर **21839** किमी लंबाई के रेलपथ पर **90** किमी प्रति घंटा की अधिकतम अनुमेय गति के साथ गाड़ी चलाने के लिए मंजूरी दी गई है।





➢ दिनांक 19.02.2024 को संरक्षा टीम द्वारा रेल वन विहार में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाई गई और पौंधों को 500 लीटर पानी दिया गया। इसी के साथ फरवरी-2024 माह में संरक्षा दल और गैर सरकारी संगठनों द्वारा रेल वन विहार में पौधों को कुल 7500 लीटर पानी दिया गया।

➢ दिनांक **19.03.2024** को अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री शैलन्द्र सिंह परिहार की प्रमुख उपस्थित में महत्वपूर्ण विषयों पर न्यू कॉन्फ्रेंस हॉल/सोलापुर में संरक्षा संगोष्ठी/वेबिनार बैठक (ऑफ लाइन और ऑन लाइन मोड) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल **120** कर्मचारियों ने भाग लिया।



| | |
|---|---|
| दि. **22.03.2024** को गाड़ी नंबर **22225** वंदे भारत के आईआरसीटीसी कर्मचारियों को एसआरएस से पुणे के बीच मंडल संरक्षा अधिकारी और एससी (विद्युत) द्वारा आग बुझाने वाले यंत्र का डेमो किया गया। इस कार्यक्रम में कुल **15** कर्मचारियों ने भाग लिया। |  |
| दिनांक **12.03.2024** को साईंनगर शिरडी और कोपरगांव स्टेशन पर 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' (ओएसओपी) के स्टॉल के उद्घाटन समारोह का आयोजन साईंनगर शिरडी स्टेशन पर सफलतापूर्वक किया गया। |  |
| दिनांक **22.03.2024** और **25.03.2024** को पौधों को पानी दिया गया, होली के अवसर पर पांच पौधे लगाए गएं, पेड़ों के अस्तित्व के लिए इस माह के दौरान संरक्षा टीम और गैर सरकारी संगठनों द्वारा रेल वन विहार में पौधों को कुल **47,000** लीटर पानी टैंकरों से दिया गया। |  |
| दिनांक 09.03.2024 को सोलापुर लॉबी में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। इस सेमिनार में कुल 28 कर्मचारी उपस्थित थे। |  |
| दि.14.3.2024 को वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी,सोलापुर के मार्गदर्शन में संरक्षा सलाहकार/टीएफसी-मुख्यालय सीएसएमटी, संरक्षा सलाहकार/समाडि, संरक्षा सलाहकार/लोको, स्टेशन प्रबंधक-1,सोलापुर, स्टेशन प्रबंधक-2, सोलापुर और यातायात निरीक्षक सोलापुर की उपस्थिति में वीआईपी लॉन्ज/सोलापुर में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में गाड़ी संचालन विषयों पर परामर्श दिया गया। इस सेमिनार में कुल 55 कर्मचारी उपस्थित थे। |   |

# इंजीनियरी विभाग

- दिनांक 01.01.2024 को मंडल इंजिनियरिंग प्रशिक्षण केन्द्र, सोलापुर में भारतीय सेना के सूबेदार श्री वी.एन. लोंढे द्वारा डिसिप्लिन काउन्सलिंग की गई जिसमे कुल 32 ट्रैक मेंटेनर उपस्थित थें।





- दिनांक 13.02.2024 को सीसेइंजी (पीवे) लातुर कार्यालय में और दिनांक 17.02.2024 को सीसेइंजी (पीवे) पंढरपुर कार्यालय में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया।





- दिनांक 22.02.2024 को पारेवाडी, भालवनी, जिंती रोड, वडशिंगे, वाबोंरी, ढोकी स्टेशनों पर गर्मी के मौसम में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में संरक्षा परामर्श किया गया।





**हिंदी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है- डॉ. संपूर्णानंद**

➢ दिनांक 23.02.2024 को एसएससी(पीवे)पंढरपुर के अंतर्गत यूनिट नं. 1,2,3 और 4 के लिए, सोलापुर गैंग नं. 5 के लिए अक्कलकोट रोड स्टेशन पर गर्मी के मौसम के दौरान और सीआरओ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में संरक्षा परामर्श किया गया।







➢ दिनांक 27.02.24 को सहायक मंडल इंजीनियर कार्यालय,कलबुरगि में गर्मी के मौसम के दौरान बरती जानेवाली सावधानियों के बारे में परामर्श किया गया।




➢ संरक्षा सेमीनार के साथ ही सहा.मं.इंजी/पंढरपुर नें प्रश्नमंच का आयोजन किया और सफल कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों ने काफी उत्साह से भाग लिया। इसके अलावा सभी कर्मचारियों के प्रश्नों एवं समस्याओं पर भी ध्यान दिया गया।




- दिनांक 15.03.2024 को सारोला, दौंड और येलवा स्टेशन पर और दिनांक 16.03.2024 को जेऊर और लातूर पर गर्मी के मौसम में बरती जानेवाली सावधानियों के बारे में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया।




- दिनांक 20.03.2024 को एसएससी (पीवे) कुर्डुवाडी कार्यालय में संरक्षा सेमिनार और चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी और परिचालन, इंजीनियरी, सिंगनल व दूरसंचार संरक्षा सलाहाकार द्वारा सीनियर सेक्शन इंजीनियर (पीवे), गाणगापुर, जूनियर इंजीनियर(पीवे), गाणगापुर, जूनियर इंजीनियर(सिगनल) दुधनी की उपस्थिति में इंजीनियरी, सिगनल, परिचालन और वाणिज्य कर्मचारियों के लिए संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया।





- दिनांक 23.3.2024 को मंडल इंजीनियरी प्रशिक्षण केन्द्र, सोलापुर में व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन स्मॉल ट्रॅक मशीन , अग्नि सुरक्षा सहित आपदा प्रबंधन इंडक्शन ट्रैक मेंटेनर के बारे में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया।




- दिनांक 23.03.2024 मंडल इंजीनियरिंग प्रशिक्षण केंद्र, मध्य रेल सोलापुर में जीपीएस, ट्रेकिंग डिवाइस का प्रशिक्षण इंडक्शन ट्रॅक मेंटेनर 23/05 को श्री पनीर साल्वेम, टेक्नीकल सहायक, वरि मंडल इंजीनियर (समन्वय), अनुराधा गोसकोंडा सॉफ्टक्रूज टेक्नॉलॉजिस द्वारा दिया गया।



# सिगनल एवं दूरसंचार

**(जनवरी 2024 से मार्च 2024 तक सिगनल एवं दूरसंचार विभाग की उपलब्धियां)**

**सिगनल-**

- डीडी-एमएमआर दोहरीकरण कार्य के सिलसिले में पैनल इंटरलॉकिंग के स्थान पर 02 स्टेशनों (निंबलक और विलद) पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की कमिशनिंग की गई।
- गाड़ी की गति को 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए 03 स्टेशनों (निंबलक, विलद और वाम्बोरी) पर डबल डिस्टेंस सिगनल चालू किए गएं।
- ऑटो रीसेटिंग बीपीएसी के साथ दोहरी पहचान 07 (बीएपी-पीडीजीएन, एसजीआरई-एआरएजी, एनएनबी-वीएल, वीएल-वीबीआर, केयूआई-जीडीजीएन, केडब्ल्यूवी-डीएचएस और एसजीएनडी-बीडब्ल्यूडी) ब्लॉक सेक्शन में प्रदान की गई।
- 23 उच्च विश्वसनीयता वाली थिक वेब स्विच पॉइंट मशीनें प्रदान की गई। 13 ओवरएज/दोषपूर्ण पॉइंट मशीनों को बदला गया। 158 ओवरएज मेन सिगनलइंटीग्रेटेड एलईडी को बदला गया।174 ओवरएज सब्सिडियरी सिगनल एलईडी को बदला गया। ओवरएज आईपीएस बैटरियों के 04 सेट (240 नंबर) को बदला गया। 374 डीसी ट्रैक सर्किट बैटरियों को बदला गया।

**दूरसंचार:**

- ओएफसी केबल को समाप्त करने के लिए अकोलनेर स्टेशन पर नया एफडीएम सिस्टम स्थापित किया गया ।
- अहमदनगर में पीआरएस टर्मिनल के लिए नया इंटरनेट आधारित थिन क्लाइंट कनेक्टिविटी स्थापित की गई।
- दौंड-बेलापुर पर फिबकॉम निर्मित ई1 कनेक्टिविटी के माध्यम से नई 2एमबीपीएस पीआरएस कनेक्टिविटी प्रदान की गई।
- अहमदनगर एक्सचेंज में इंटरमीडिएट डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेम और मेन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेम की रिवायरिंग की गई।
- उस्मानाबाद स्टेशन पर नए 25 कोच इंडिकेटर बोर्ड, 02 एट ए ग्लांस डिस्प्ले बोर्ड और एक मल्टी लाइन गाड़ी डिस्प्ले बोर्ड लगाए गएं।
- सोलापुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नं.4 और 5 पर नए 44 कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड लगाए गएं।
- लातुर स्टेशन पर आउटडोर और इनडोर वीडियो डिस्प्ले, ट्रेन एट ए ग्लांस डिस्प्ले बोर्ड और कंट्रोल कंसोल यूनिट की व्यवस्था की गई।
- एबीएसएस कार्य के तहत उस्मानाबाद स्टेशन पर वेटिंग हॉल में 55 इंच एलईडी टीवी और स्पीकर लगाए गएं।
- दिनांक 26.02.2024 को सोलापुर मंडल में जियो और एयरटेल सीयूजी सिम कार्ड का उपयोग करके चार स्टेशनों और 9 आरयूबी/आरओबी स्थानों पर बीएसएनएल और आरसीआईएल 50Mbps सर्किट का उपयोग करके कोडेक कैमरों के साथ वीसी लिंक के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री के उद्घाटन समारोह के लिए ऑडियो वीडियो सिस्टम प्रदान किया गया ।
- माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 28.02.2024 को बीएसएनएल और आरसीआईएल 50 एमबीपीएस सर्किट का उपयोग करके चार कोडेक कैमरों के साथ वीसी लिंक के माध्यम से नए आष्टी से अमलनेर ट्रैक उद्घाटन के लिए गाड़ी को हरी झंडी दिखाने के लिए ऑडियो वीडियो सिस्टम प्रदान किया गया ।
- कुर्डुवाडी-वडसिंगे में बीपीएसी ई1 लिंकर स्थापित किया गया।
- **राजस्व:**
- एसएंडटी डिपो से 22.598 मीट्रिक टन स्क्रैप का निपटान किया गया, जिससे इस अवधि के दौरान 16,17,395/- रुपये की अर्जन हुआ।

# विद्युत विभाग

## माह जनवरी 2024 से मार्च 2024 के दौरान विद्युत विभाग की उपलब्धियां

- सलगरे स्टेशन पर 15 किलोवाट, उस्मानाबाद स्टेशन पर 20 किलोवाट और तिलाटी स्टेशन पर 10 किलोवाट का रूफटॉप सौर संयंत्र कमीशन किया गया।


सलगरे


उस्मानाबाद


तिलाटी

- रेलवे अस्पताल, सोलापुर की प्रयोगशाला में 01 नग नया 5 केवीए क्षमता वाला यूपीएस उपलब्ध कराया गया।
- मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर के सर्वर रूम के लिए नए टीआरडी कार्यालय में 1 नग 1 केवीए यूपीएस प्रदान किया गया।
- सोलापुर स्टेशन भवन में बिजली आपूर्ति के लिए 02 नग 400ए इनकमर, 06 नग 200ए आउटगोइंग फीडर, 06 नग 100ए आउटगोइंग फीडर और 04 नग 63ए आउटगोइंग फीडर के साथ नया एलटी पैनल स्थापित किया गया।
- दौंड में कॉलोनियों और सेवा भवन में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था के लिए कुल 1328 मीटर, (4x16 वर्ग मिमी-311 मीटर, 4x70 वर्ग मिमी-221 मीटर और 4x50 वर्ग मिमी-796 मीटर) एल्यूमीनियम केबल बिछाई गई।
- लातुर स्टेशन पर बुकिंग कार्यालय के कॉनकोर्स क्षेत्र की नई वायरिंग का काम पूरा हो चुका है और इसमें 118 नग 2x2 एलईडी पैनल लाइट (36 वाट प्रत्येक), 190 नग एलईडी पैनल लाइट (12 वाट प्रत्येक), 86 नग बीएलडीसी पंखे (30 वाट प्रत्येक) और उपलब्ध कराए गए।
- कुर्डुवाडी स्टेशन पर "अमृत भारत स्टेशन योजना" के अंतर्गत रोशनी में सुधार के लिए जनरल वेटिंग हॉल और बुकिंग कार्यालय में 121 मीटर नियॉन एलईडी स्ट्रिप लाइटें लगाई गयीं।
- मुंढेवाडी स्टेशन के 08 आरबी-I क्वार्टरों की रि-वायरिंग का काम किया गया और 01 नग बीएलडीसी सीलिंग फैन (30 वॉट प्रत्येक), 02 एलईडी ट्यूब लाइट (18 वॉट प्रत्येक) उपलब्ध कराए गए।
- सोलापुर रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर नंबर 1 के पास नए स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय की रि-वायरिंग का काम किया गया और 05 नग पंखे पॉइंट, 12 नग लाइट पॉइंट, 11 नग 6ए पॉइंट, 02 नग सीलिंग फैन (30 वाट प्रत्येक) और 06 नग एलईडी लाइट (प्रत्येक 20 वाट) प्रदान किए गएं।
- रेलवे कॉलोनी, दौंड में 01 नग आरबी-III, 02 नग आरबी-II और 02 नग आरबी-I प्रकार के स्टाफ क्वार्टरों की रि-वायरिंग का काम किया गया और इन रीवायर्ड क्वार्टरों (03) में पारंपरिक छत के पंखों को ऊर्जा कुशल बीएलडीसी पंखों से बदल दिया गया। (प्रत्येक आरबी-III क्वार्टर में 3 नग, प्रत्येक आरबी-II क्वार्टर में 02 नग और प्रत्येक आरबी-I क्वार्टर में 2 नग)

- दौंड पर बिछाई गई भूमिगत केबल के कनेक्शन के लिए संगम कॉलोनी, बंगला साइड कॉलोनी और हनुमान मंदिर में 14 फीडर खंभे लगाए गए।
- पुराने स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय में नया मुख्य वितरण बोर्ड (एमडीबी) स्थापित किया गया है, जिसमें मौजूदा वायरमैन ड्यूटी रूम को ध्वस्त करने के बाद 02 नग 400ए इनकमर और स्टेशन हैं, जिसमें 2 नग -400ए इनकमर और 12 नग 200ए आउटगोइंग फीडर, 04 नग 63ए आउटगोइंग फीडर उपलब्ध हैं।
- ऑफिसर रेलवे क्लब सोलापुर में 160 केवीए डीजी सेट स्थापित किया गया है।
- सोलापुर के पीएफ नंबर 2/3 हाजी सैय्यद जाफर, फ्रूट जूस स्टॉल पर 100 एमए आरसीसीबी को 30 एमए से बदल दिया गया है।
- सेवा भवन की बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए 4x16 वर्ग मिमी-247 मीटर, 4x70 वर्ग मिमी-739 मीटर, 4x50 वर्ग मिमी-580 मीटर भूमिगत एलटी केबल बिछाई गई है। दौंड में गुड्स शेड और स्टेशन के बीच कुल 07 फीडर खंभे उपलब्ध कराए गए हैं।
- लातूर स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया में 10 स्ट्रीट लाइट पोल (प्रत्येक 30 वॉट की लाइट फिटिंग के साथ) लगाए गए हैं।
- लातूर स्टेशन पर परिसर की दीवार पर 36 नग (प्रत्येक 7 वाट) स्पॉट लाइट फिटिंग स्थापित की गई।
- कोपरगांव में नए एसएम कार्यालय में 04 नग 2x2 एलईडी पैनल (36 वाट प्रत्येक), 20 नग एलईडी पैनल फिटिंग (15 वाट प्रत्येक), 03 नग बीएलडीसी सीलिंग पंखे (30 वाट प्रत्येक), 18 नग 6 ए सॉकेट और 01 नग 16ए सॉकेट के साथ कन्सिल वायरिंग की गई। ।
- अहमदनगर में 04 नग 2x2 एलईडी पैनल लाइट (36 वाट प्रत्येक), 02 नग एलईडी पैनल फिटिंग (15 वाट प्रत्येक), 01 नग बीएलडीसी सीलिंग पंखे (30 वाट प्रत्येक) और 12 नग 6 ए सॉकेट के साथ नए टीसी कार्यालय में गुप्त वायरिंग की गई।
- कोपरगांव के एसी वेटिंग हॉल में 17नग 2x2 एलईडी पैनल लाइटें (36 वाट प्रत्येक), 06 एलईडी पैनल फिटिंग (15 वाट प्रत्येक), 05 बीएलडीसी सीलिंग पंखे (30 वाट प्रत्येक), 11 नग 6ए सॉकेट और 06 नग 16ए सॉकेट के साथ कंसील वायरिंग की गई।
- कोपरगांव में बुकिंग कार्यालय में 26 नग 2x2 एलईडी पैनल लाइट (36 वाट प्रत्येक), 11 नग बीएलडीसी सीलिंग पंखे (30 वाट प्रत्येक), 14 नग 6ए सॉकेट और 08 नग 16ए सॉकेट के साथ कंसील वायरिंग की गई।
- कोपरगांव के सामान्य प्रतीक्षालय में 14 नग 2x2 एलईडी पैनल लाइटें (प्रत्येक 36 वाट), 12 एलईडी पैनल फिटिंग (15 वाट प्रत्येक), 06 बीएलडीसी सीलिंग पंखे (30 वाट प्रत्येक), 17 नग 6ए सॉकेट और 03 नग 16ए सॉकेट के साथ कंसील वायरिंग की गई।
- सावलगी और मरतूर स्टेशन पर गैंग हट्स की वायरिंग का काम पूरा हो गया है और प्रत्येक गैंग हट में बिजली आपूर्ति के लिए 1 नग एनर्जी मीटर के साथ 4x16 वर्ग मिमी 400 मीटर केबल बिछाने, 04 नग बीएलडीसी सीलिंग पंखे (प्रत्येक 30 वाट), 06 नग एलईडी ट्यूब लाइट- (20 वाट प्रत्येक) प्रदान किए गए हैं।
- रेलवे कॉलोनी, दौंड में 03 नग आरबी-III, 01 नग आरबी-II और 06 नग आरबी-I प्रकार के स्टाफ क्वार्टरों की रि-वायरिंग का काम किया गया है और इन रीवायर्ड क्वार्टरों (03) में पारंपरिक छत के पंखों को ऊर्जा कुशल बीएलडीसी पंखों से बदल दिया गया है। (प्रत्येक आरबी-III में 3 नग, आरबी-II में 02 नग और प्रत्येक आरबी-I में 2 नग)
- कोपरगांव के आरबी-III प्रकार के 04 क्वार्टरों की नई वायरिंग का काम किया गया और प्रत्येक आरबी-III में 04 एलईडी ट्यूब लाइट (प्रत्येक 20 वाट), 09 एलईडी ट्यूब लाइट (09 वाट प्रत्येक), 04 बीएलडीसी सीलिंग (30 वाट प्रत्येक), 07 नग 6ए सॉकेट और 05 नग 16ए सॉकेट प्रदान किया गया।

- कोपरगांव के आरबी-II प्रकार के 02 क्वार्टरों की नई वायरिंग का काम किया गया और प्रत्येक आरबी-II में 04 नग एलईडी ट्यूब लाइट (प्रत्येक 20 वाट), 09 एलईडी ट्यूब लाइट (09 वाट प्रत्येक), 04 बीएलडीसी सीलिंग पंखे (30 वाट प्रत्येक), 07 नग 6ए सॉकेट और 05 नग 16ए सॉकेट प्रदान किया गया।
- पंढरपुर रेलवे कॉलोनी में 1.5 एचपी बोर के 2 सबमर्सिबल पंप लगाए गएं।
- दौंड में उपरोक्त (बी) क्वार्टरों के अलावा अन्य रेलवे क्वार्टरों में 49 बीएलडीसी सीलिंग पंखे बदले गएं।
- येडशी,शेंदरी, टिकेकरवाडी, मलिकपेठ और अनगर स्टेशन पर 6 केडब्ल्यूपी रूफटॉप सोलर पैनल लगाए गए।
- मोहोल और पारेवाडी स्टेशन पर 10 किलोवाट रूफटॉप सौर संयंत्र को कमीशन किया गया।




- 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत उस्मानाबाद स्टेशन पर विद्युत केबल ट्रे स्थापना कार्य किया गया।
- लातूर स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया में 30 वाट की एलईडी फिटिंग के साथ 14 नग अष्टकोणीय स्ट्रीट लाइट खंभे लगाए गए।
- पंढरपुर स्टेशन पर 190 पारंपरिक सीलिंग पंखों को ऊर्जा कुशल बीएलडीसी सीलिंग पंखों से बदला गया।
- सोलापुर स्टेशन के विभिन्न स्थानों पर 624 पारंपरिक सीलिंग पंखों को ऊर्जा कुशल बीएलडीसी सीलिंग पंखों (प्रत्येक 30 वाट) से बदल दिया गया है। (डीआरएम कार्यालय-400, रेलवे अस्पताल-160, आरपीएफ बैरक-45 और बालविकास मंदिर-19 नग)
- गाणगापुर रोड स्टेशन पर 02 यात्री लिफ्ट कमीशन की गईं।
- सोलापुर स्टेशन पर "अमृत भारत स्टेशन योजना" के तहत मुख्य प्रवेश द्वार पर कैनोपी में 72 नग 1x1 फीट एलईडी पैनल लाइट (प्रत्येक 20W) प्रदान की गई।
- रेलवे कॉलोनी, दौंड में 03 नग आरबी-III, 03 नग आरबी-II और 02 नग आरबी-I प्रकार के स्टाफ क्वार्टरों की रि-वायरिंग का काम किया गया है और इन रीवायर्ड में पारंपरिक छत के पंखों को ऊर्जा कुशल बीएलडीसी पंखों से बदल दिया गया। (प्रत्येक आरबी-III में 03 नग, प्रत्येक आरबी-II में 02 नग और प्रत्येक आरबी-I प्रकार के क्वार्टर में 02 नग)
- बबलाद स्टेशन पर गैंग हट्स की वायरिंग का काम पूरा हो गया है और 04 नग बीएलडीसी सीलिंग पंखे (प्रत्येक 30 वॉट), 06 नग एलईडी ट्यूब लाइट्स- (20 वॉट प्रत्येक), 03 नग एलईडी स्ट्रीट लाइट (60 वॉट प्रत्येक) और 01 नग ऊर्जा मीटर उपलब्ध कराए गए।
- दौंड में उपरोक्त (ए) रीवायर्ड क्वार्टरों के अलावा अन्य रेलवे क्वार्टरों में 145 बीएलडीसी सीलिंग पंखे बदले गएं।

**आप जिस तरह बोलते हैं, बातचीत करते हैं, उसी तरह लिखा भी कीजिए। भाषा बनावटी नहीं होनी चाहिए।**

**- महावीर प्रसाद द्विवेदी**

# वित्त विभाग

- माह जनवरी-2024 मे वित्त अनुभाग में आंतरिक जांच के परिणामस्वरूप ₹10.54 करोड़ की राजस्व बचत हुई और जनवरी-2024 के अंत तक ₹150.44 करोड़ की राशि प्राप्त हुई।
- माह जनवरी-24 मे स्थापना अनुभाग और निपटारा अनुभाग में आंतरिक जांच के परिणामस्वरूप ₹13 लाख की राजस्व बचत हुई और जनवरी-2024 के अंत तक ₹1.50 करोड़ प्राप्त हुए।
- महाराष्ट्र राज्य व्यवसाय, व्यापार और रोजगार कर अधिनियम 1975 की धारा 7 के तहत व्यावसायिक कर विभाग द्वारा 3.52 करोड़ रुपये के लंबित बकाया के निपटान के लिए सोलापुर मंडल को नोटिस भेजा गया था। आयकर विभाग के साथ लगातार अनुनय और अभिलेखों के मिलान के कारण रिकॉर्ड समय में जुर्माने की राशि को 3.52 करोड़ रुपये से घटकर 5.00 लाख रुपये हो गई है और शेष राशि को एक सप्ताह में शून्य कर दिया जाएगा।
- जनशक्ति के युक्तिसंगत समीक्षा के दौरान सरेंडर के लिए 35 पदों को चिन्हांकित किया गया, जिनका वार्षिक धन मूल्य रु. 34 लाख था। (अप्रैल-23 से जनवरी-24) अक्टूबर-23 माह में 3 पदों को सरेंडर किया गया, जिसमें वार्षिक धन मूल्य 94572 रुपये है। नोट: (उपर्युक्त 03 पद अक्टूबर-23 माह में सरेंडर किए गए। उक्त पदों का सरेंडर धन मूल्य 1060740/- रुपये है, जिसमें से 966168/- रुपये मिलान बचत के रूप में उपयोग किए गए हैं और शेष धन मूल्य 94572/- रुपये सरेंडर पदों के डिवीजनल पूल में जमा किए गए।)
- पेंशन मॉनिटरिंग मॉड्यूल लागू किया गया है ताकि अधिक पेंशन भुगतान और उस पर डीए, अधिक भुगतान किए गए एफएमए, अनुमत अवधि से परे बढ़ी हुई पारिवारिक पेंशन का भुगतान और निर्धारित अवधि से परे पेंशन के कम्यूटेशन की वसूली पर नजर रखी जा सके। प्रारंभिक चरण में उक्त मॉड्यूल के कार्यान्वयन के कारण 86,51,740/- रुपये की अधिक भुगतान की गई पेंशन राशि का पता चला और उसे वसूल किया जा रहा है।
- माह मार्च-2024 मे वित्त अनुभाग में आंतरिक जांच के परिणामस्वरूप ₹0.50 करोड़ की राजस्व बचत हुई तथा मार्च-2024 के अंत तक ₹154.48 करोड़ की राशि प्राप्त हुई।
- माह मार्च-2024 माह के लिए स्थापना अनुभाग तथा निपटारा अनुभाग में आंतरिक जांच के परिणामस्वरूप ₹2 लाख की बचत हुई तथा मार्च-2024 के अंत तक ₹1.86 करोड़ प्राप्त हुए।
- कठिन प्रयासों से जेपी सीमेंट/एसबीडी के भूमि लाइसेंस शुल्क से संबंधित एक्सबीआर अनुभाग का हार्डकोर मद जो 2022-23 से 2023-24 तक लंबित था, मार्च-24 में दंडात्मक ब्याज सहित कुल राशि ₹20,65,530/- वसूल कर ली गई है। ₹88.75 लाख (मद-97) की राशि मार्च-एक्स से क्लियर कर दी गई है और दिसंबर-23 के माह में अंतिम शीर्ष में बुकिंग की गई है।
- 06 एसवी शीट्स में से 05 एसवी शीट्स क्लियर हो गई है, केवल 1 एसवी शीट लंबित है जिसे जल्द ही क्लियर कर दिया जाएगा। नैरेटिव ने शून्य स्थिति की रिपोर्ट की है।

**वही भाषा जीवित और जागृत रह सकती है जो जनता का ठीक-ठाक प्रतिनिधित्व कर सके और हिंदी इसमें समर्थ है।**

**-पीर मुहम्मद मुनीस**

# सुरक्षा विभाग

दि.15.01.2024 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कार्यालय/सोलापुर तथा ऑन ड्यूटी उप स्टे.प्र. को गाड़ी नं. 12628 कर्नाटक एक्सप्रेस से एक लड़की के बेलापुर स्टेशन पर उतरने की सूचना प्राप्त होने पर ऑन ड्यूटी आरक्षक और टीटीआई द्वारा साथ मिलकर रेल परिसर में खोजने पर वह लड़की मिल गई। लड़की से पूछताछ करने पर उसने अपनी जानकारी दी। आरक्षक ने इस लडकी के पिता से संपर्क किया और उसे बेलापुर स्टेशन पर सही सलामत उनको सौंप दिया ।



दि.11.01.2024 को 15.00 बजे रेल मदद के माध्यम से सूचना मिली कि गाड़ी नं. 12627 में एक यात्री लापता है। सूचना के अनुसार आरपीएफ द्वारा बेलापुर स्टेशन पर उक्त यात्री की फोटो लेकर तलाशी की गई। तलाशी मे पता चला कि उक्त व्यक्ति से मिलता जुलता व्यक्ति बस स्टॉप और स्टेशन गेट के आस-पास दिखाई दिया है। खोजबीन के बाद उक्त यात्री बस स्टॉप के पास मिला। उससे पूछताछ करने पर उसने अपना बारे मे जानकारी दी। उस यात्री को रे.सु.ब. चौकी बेलापुर लाया गया जहां उसे डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य जांच करके दवा दी गई और अगली कार्यवाही की गई।




दि.03.02.2024 को 20.00 बजे डीएससी/सोलापुर को सूचना मिली कि गाड़ी नं. 22718 राजकोट एक्सप्रेस के एस 06 कोच मे एक लावारिश ट्राली बैग है। सूचना के अनुसार प्लेटफॉर्म पर तैनात रे.सु.ब. के कर्मचारियों ने गाड़ी के सोलापुर पहुंचने पर कोच को अटेंड किया और टीसी के लिखित मेमो के साथ एक नीली रंग की ट्राली बैग अपने कब्जे मे लिया। रे.सु.ब. थाना सोलापुर मे सहायक सुरक्षा आयुक्त तथा निरीक्षक सोलापुर के निर्देशन में दो स्वतंत्र पंचों के समक्ष उक्त ट्राली बैग को खोला गया। जिसमे 07 पैकेट मे 14.525 किलो गांजा पाया गया जिसकी कुल कीमत लगभग रुपए 36,312/- आंकी गई। रे.सु.ब. के अधिकारियों ने जब्त की गई ट्राली को माल सहित जीआरपी सोलापुर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया। (प्रतिबंधित सामान की बरामदगी)



दि. 03.02.2024 को 19.25 बजे स्टेशन कमेटी कलबुरगि द्वारा निरीक्षक को मोबाइल पर एक संदिग्ध व्यक्ति की फोटो साझा करते हुए बताया गया कि उक्त संदिग्ध व्यक्ति हैदराबाद से किसी ज्वैलरी की दुकान से चांदी की चोरी करके गाड़ी नं. 22718 राजकोट एक्सप्रेस मुंबई की ओर आ रहा है। सूचना मिलने पर रे.सु.ब. और जीआरपी ने सयुंक्त रूप से गाड़ी के सोलापुर पहुंचने पर पूरी गाड़ी की जांच करते समय सुरक्षा बल को एस-05 कोच में दरवाजे के पास फोटो से मिलता जुलता एक संदिग्ध व्यक्ति मिला जिसके साथ उसके अन्य दो साथी भी थे । उक्त तीनों व्यक्तियों को बैग के साथ अग्रिम कार्यवाही के लिए जीआरपी को सौंप दिया गया। जीआरपी द्वारा बैग की तलाशी करने पर उसमें कुल 12 प्लास्टिक के पैकेट मे विभिन्न भगवान की चांदी की मूर्तियां जिसका कुल वजन लगभग 20 किलो 300 ग्राम, कीमत लगभग 14 लाख रुपए बरामद हुए। जीआरपी ने संदिग्ध व्यक्तियों को बरामद माल सहित आपरेशन रेल प्रहरी के तहत अग्रिम कार्यवाही के लिए सिकंदराबाद मार्केट पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। रे.सु.ब. सोलापुर के जवानों ने आपरेशन प्रहरी के तहत सराहनीय कार्य किया।



दि.03.3.2024 को लगभग 22.00 बजे सोलापुर स्टेशन पर तैनात गस्त ड्यूटी के रे.सु.ब. के जवानों को बताया गया कि प्लेटफॉर्म नं. 2 पर खड़ी गाड़ी नं. 11140 गदग एक्सप्रेस के यात्रियों ने सूचना दी है कि गाड़ी मे 4 असहाय नाबालिग बालक हैं। इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए चाइल्ड लाइन हेल्प डेस्क के लोगों ने उक्त चारों नाबालिग बालकों को गाड़ी से उतारा आरपीएफ थाने मे लाकर उनसे पूछताछ की और उन्होंने अपने घर-परिवार के बारे मे जानकारी दी। उनसे प्राप्त मोबाइल नंबर पर कॉल करके उनके घरवालों को तत्काल सूचना दे दी गई। तत्पश्चात सभी नाबालिग बालकों को सिविल अस्पताल, सोलापुर में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरपीएफ को अग्रिम कार्यवाही के लिए सौंप दिया गया। आरपीएफ थाना सोलापुर के सभी जवानों ने ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत सराहनीय कार्य किया।




दि.27.03.2024 को सूचना मिली कि गाड़ी नं. 22882 भुवनेश्वर पुणे एक्सप्रेस के एसी कोच मे दो यात्री बैग मे गांजा लेकर कलबुरगि जा रहे हैं। उक्त सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने संयुक्त रूप से कलबुरगि स्टेशन पर गस्त और तलाशी किया। उन्हें प्लेटफॉर्म नं. 3 पर सोलापुर छोर पर करीब 00.10 बजे दो व्यक्ति काले रंग का बैग लेकर संदिग्ध अवस्था में बैठे हुए दिखे। जवानों ने उनके बैग की तलाशी में संदिग्ध नशीला पदार्थ गांजा 11 पैकेट (प्रत्येक पैकेट लगभग 2 किलो) खाकी रंग के टेप मे लिपटे हुए बरामद हुए। इसकी अनुमानित कीमत लगभग रू. 22 लाख बताया गया। इसके साथ उस बैग मे से कई कंपनियों के मोबाइल फोन भी बरामद हुए। जीआरपी ने सभी चीजों को जब्त करके 2 स्वतंत्र पंचों के समक्ष सीजर पंचनामा तैयार करके उक्त सभी सामान को सीज़ कर दिया। रेसुब के जवानों ने जीआरपी के साथ मिलकर ऑपरेशन "नारकोस" के तहत सराहनीय कार्य किया।



# राजभाषा विभाग की गतिविधियां

- माह जनवरी में 31.12.2023 को समाप्त तिमाही के लिए मंडल पर गठित 09 स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समितियों में से 2 समितियों (पंढरपुर एवं कुर्डुवाडी) की बैठकों का आयोजन किया गया।
- माह जनवरी में दिनांक 30.01.2024 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सोलापुर द्वारा आयोजित छमाही बैठक में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सोलापुर के प्रशासनिक प्रधान के रूप मे मंडल रेल प्रबंधक महोदय उपस्थित होकर बैठक को संबोधित किया। उक्त बैठक में सहायक कार्मिक अधिकारी एवं संपर्क राजभाषा अधिकारी भी उपस्थित थे।





- माह फरवरी में दिनांक 31.12.2024 को समाप्त तिमाही के लिए मंडल पर गठित 9 स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समितियों में से 02 समितियों (कलबुरगि एवं दौंड) की बैठकों का आयोजन किया गया।
- माह फरवरी में दिनांक 26.02.2024 को **अमृत भारत स्टेशन योजना** के अंतर्गत आयोजित सभी कार्यक्रमों का संचालन पूरी तरह से हिंदी मे किया गया।
- माह फरवरी में दिनांक 28.02.2024 को एनटीपीसी, सोलापुर द्वारा आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सोलापुर के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में राजभाषा विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया।







**हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया।**

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**

❖ माह मार्च 2024 में दिनांक 21.03.2024 को मंडल रेल प्रबंधक महोदय की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सोलापुर की 96वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के लिए सभी शाखाधिकारी और स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष तथा सदस्य-सचिव एवं शाखा कार्यालयों के मुख्य कार्यालय अधीक्षक/कार्यालय अधीक्षक उपस्थित थें। बैठक में सोलापुर मडंल की त्रैमासिक ई-सूचना पत्र संदेश के अंक 15 का विमोचन किया गया।





❖ माह मार्च में दिनांक 22.03.2024 एवं 23.03.2024 को (12 ½ घंटे की अवधि के लिए) स्टेशन प्रबंधक कार्यालय/वाडी में स्टेशन पर स्थित विभिन्न डिपो/कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला मे कुल 20 कर्मचारी उपस्थित थे।







❖ माह मार्च में दिनांक 30.03.2024 को लातुर स्टेशन पर राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के उद्देश्य से स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में राजभाषा प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। इस प्रश्नमंच मे बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थें। सफल कर्मचारियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गएं।





**कासावीस...**

अगं...
खचू तू नकोस,
झुरू तु नकोस,
जरी सापडली वादळात,
दिवा तुझा मालवू 'तु' नकोस..!!
अगं...
नसेल आधार,
असतील आघात,
नसेल कोणाची सावली ,
दुभंगलेल्या मनाला विणत जा 'तु' माऊली..!!
अगं...
नसेल प्रकाश जरी कवडसे किरणांचे ,
नसेल साद प्रतिसाद तरी स्वजनांचे ,
असतील वाद - विवाद परी विचारांचा ,
समुद्र अथांग घेऊ शकेल का जीव तवंगाचा..?
अगं....
नसेल प्रकाश आज जरी,
खितपत चाचपडत अंधारात परी,
दिपक स्वप्नांचा ' तुला' शोधत येईल,
अंधारलेल्या ढगांना सुवर्णमय किनार देईल..!!

**जगत जननी**

मुला-मुलींचा नसावा भेद,
सम्यक दृष्टीचा घ्यावा वेध ,
वाटे नित्य नंदन सदा हवेशी,
दोन्ही घराचा दिपक का नकोसी..?

घेता धांडोळा आदि - आधुनिकतेचा,
सुगंध दरवळतो पानोपानी योगिनींचा,
परिमळ दरवळी भेटता गार्गी अन् मैत्रेयीनी,
मागे नसे अहिल्या,अनुसया,विंध्यवासिनी ..!!

संगीत, नाट्य,सारस्वतांच्या अंगणी तु उमलती,
भिडती चावला गगनी इथे सुधा सावित्री फुलती,
शक्ती स्वरुपिनी उमा वारुणी असे जगत जननी,
पडती जीव धारिणी धरित्री कुठल्या हो कारणी?

आज अस्वस्थ,व्यथित, घायाळ असे हो हरिणी,
मूढ समाज का करी तप्त अविचारांची पेरणी,
वेळ आली आता तुझी उठ दे लढा हो रागिणी,
दाखव तुझे रुप आता येऊन समरांगणी,
कर पात कर निःपात तू हो दामिनी..!!

रचनाकारः संजय त्रिं. उस्तुर्गे/ संरक्षा सलाहकार (लोको), सोलापुर

*****

## राजभाषा प्रश्नोत्तरी

प्रश्न 01 संसदीय राजभाषा समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं ?
उत्तर केन्द्रीय गृह मंत्री

प्रश्न 02 संसदीय राजभाषा समिति में कुल कितने सदस्य होते हैं ?
उत्तर 30

प्रश्न 03 संसदीय राजभाषा समिति में लोकसभा के कितने सदस्य होते हैं ?
उत्तर 20

प्रश्न 04 संसदीय राजभाषा समिति में राज्यसभा के कितने सदस्य होते हैं ?
उत्तर 10

प्रश्न 05 संविधान की अष्टम अनुसूची में कितनी भाषाएं शामिल हैं ?
उत्तर 22

*****